न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर ...

दिनांकः– 23.07.2019

मु0न0 52/2019

पीठासीन अधिकारीः– सुनीता मीना आर.ए.एस

उनवान

राजवती बेवा चेतराम जाति मीना निवासी मण्डैरू तहसील टोडाभीम। (सायलान)

बनाम

1. अमरसिह पुत्र जसराम
2. सीताराम पुत्र रामजीलाल
3. मेघराम पुत्र सोमोत्या
   जाति मीना निवासी मण्डेरू तहसील टोडाभीम।
4. तहसीलदार टोडाभीम जिला गंगापुर सिटी।

(गैरसायलान)

प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा

उपस्थितिः– श्री मदनमोहन शर्मा सायला

निर्णय

दिनांक 31.07.2024

सायल द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का संक्षेप मे विवरण इस प्रकार है कि ग्राम अजीजपुर की आराजी ख0न0 1410/0.04, 1411/0.18, 1412/0.21, 1413/0.06, 1414/0.12, 1415/0.08 कुल किता 06 कुल रकवा 0.69 है0 मे सायला बहिस्सा 1/3 की खातेदार काश्तकार दर्ज है सायला ने अपने हिस्से की जमीन पर के.सी.सी. ले रखी है इस प्रकार उक्त आराजीयात मे मालिकाना हक है। जिसमे किसी दीगर व्यक्ति का कोई लेना देना नही है। जिसमे सायला ने बाजरे की फसल काश्त की है। आराजी ख0न0 1416/1.26 है0 ग्राम अजीजपुर मे 1/2 हिस्से की खातेदार है। जिसमे किसी दीगर व्यक्ति का कोई लेना देना नही है।

यह है कि वर्णित आराजीयात के हाल ख0न0 साबिक ख0न0 709/1 रकवा 1 बीधा 19 बिस्वा एवं अन्य ख0न0 709/1 मिन एवं ख0न0 710 रकवा 16 बिस्वा एवं खसरा न0 710 मिन न0, एवं ख0न0 711 रकवा 4 बीधा 15 बिस्वा एवं ख0न0 712/1 रकवा 5 बिस्वा से कायम किये है।

यह है कि ख0न0 1 रकवा 0.19 है0 गैर मु0 रास्ता जो कि राजस्थान सरकार की आराजी है एवं ख0न0 2 रकवा 0.25 है0 मंदिर श्री कमद खुण्डी जी महाराज की भूमि है जो कि ग्राम तुर्कपुर तहसील टोडाभीम मे है ख0न0 1, 2, 4 ग्राम तुर्कपुर से सायला का काई लेना देना नही है। परन्तु सेटलमेन्ट कार्य के दौरान राजस्व कर्मचारियो ने मेरी खातेदारी आराजी ख0न0 1413/0.06, 1415/0.08 जो कि मेरी खातेदारी भूमि ख0न0 1416 के लिये एवं अन्य खेतो पर जाने का रास्ता है जो कि ग्राम अजीजपुर की सरहद के अन्दर है उक्त खेतो की मेड की लाईन को पतला कर दिया, एवं ग्राम अजीजपुर व मुर्कपुर के बीच मे साबिक ट्रेस मे जो मेड लाईन जो मोटी लाईन है उसको मिटा दिया है।

यह है कि ख0न0 1413/0.06 किस्म गै0मु0रास्ता एवं ख0न0 1415 रकवा 0.08 है0 गै0मु0रास्ता मेरी खातेदारी का निजी रास्ता है। जिसको सायला आगे जाने ... भूमि मे जाने के लिये काम मे ले रही है जो कि ग्राम अजीजपुर मे है, तुर्कपुर मे नही ... मुर्कपुर मे ख0न0 1 राजकीय भूमि 0.19 है0 रास्ता रिकार्ड जमाबन्दी दर्ज है। जो कि तुर्कपुर ... है। परन्तु गैरसायलान

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunita Meena
Date: 2024.09.10 11:10:13 IST
Reason: SelfAttested

( सुनीता मीना )
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर
टोडाभीम, जिला-गंगापुर सिटी

मु0न0:–52/2019

ग्राम अजीजपुर मे मेरी आराजी ख0न0 1413, 1415, 1416 को गैरसायलान हडपना चाहते है। मेरी आराजी पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है। और उसको जबरदस्ती तुर्कपुर मे मिलाना चाहते है। सेटलमेन्ट कर्मचारियो द्वारा ग्राम अजीजपुर एवं तुर्कपुर की मोटी लाईन मेड की रेखा हो मिटाने के कारण मेरे ख0न0 1413 एवं ख0न0 1415 को तुर्कपुर के ख0न0 1 मे मिलाना चाहते है। इस कारण मेरे ख0न0 1413, 1415 ग्राम अजीजपुर एवं ख0न0 1 ग्राम तुर्कपुर मे बीच मे माननीय न्यायालय जॉच करवाकर एवं सीमाज्ञान करवाकर पुराने ट्रेस के अनुसार सीमा निर्धारण कर हाल ट्रेस की दुरूस्ती कर दोनो ख0न0 1413, 1415 ग्राम अजीजपुर एवं ख0न0 1 ग्राम तुर्कपुर के बीच मे मोटी लाईन साबिक ट्रेस रिकार्ड के अनुसार हाल नक्शा ट्रेस मे लाल लाईन खिचवाना आवश्यक व न्यायसंगत है।

बॉका दिनांक 19.07.2019 का है कि गैरसायल न0 1 ता 3 हाथो मे फावडे व परात लेकर आये और बोले कि हमने पटवारी तहसीलदार से पूछ लिया है, हम जबरदस्ती तेरे खेत ख0न0 1412, 1413, 1415, 1416 मे मिट्टी डलवाकर दीवार बनवायेगे। तेरे खेतो मे बाजरे की फसल को बर्बाद करेगे। जबकि गैरसायलान का वर्णित आराजीयात से कोई लेना देना नही है। गैरसायलान आदतन भूमाफिया किस्म के लोग है जिन्होने मंदिर कदमखुण्डी की जमीन पर भी कब्ज कर रखा है। मेने गैरसायलान से काफी विनती की लेकिन वो मानने को तैयार नही है। एवं मेरी आराजी ख0न0 1413, 1415, 1416 की डोल–मेड को हडपना चाहते है। इस प्रकार गैरसायलान को पाबन्द किया जाना आवश्यक है। इस कारण यह प्रार्थना पत्र पेश करना आवश्यक हुआ है।

अतः प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा पेश कर निवेदन है कि गैरसायलान को पाबन्द फरमाया जावे कि सायलान के कब्जे काश्त की आराजी ग्राम अजीजपुर की आराजी ख0न0 1410/0.04, 1411/0.18, 1412/0.21, 1413/0.06, 1414/0.12, 1415/0.08, 1416/1.26 कुल किता 07 कुल रकवा 1.95 है0 मे सायला के हिस्से की आराजी के उपयोग उपभोग मे किसी प्रकार की मजाहमत मदाखलत नही करे, नाही किसी अन्य से करावे, रिकार्ड व मौके की यथास्थिति बनाये रखे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर गैरसायलान को जरिये नोटिस तलब किया गया। गैरसायल न0 04 तहसीलदार टोडाभीम उपस्थित, गैरसायलान न0 1 ता 3 ने दिनांक 13.09.2019 को जरिये वकालन उपस्थिति दर्ज करवाकर वकालतनामा पेश किया, वकालत नामा पेश होने के उपरान्त दिनांक 22.08.2023 तक जबाब पेश नही किया गया। तथा अनुपस्थित न्यायालय रहे। अतः गैरसायलान न0 1 ता 3 के विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही की गई।

सायला वकील की बहस सुनी गई। सायला वकील ने प्रार्थना पत्र मे वर्णित तथ्यो का दोहरान करते हुये कथन किया कि ग्राम अजीजपुर की आराजी ख0न0 1410/0.04, 1411/0.18, 1412/0.21, 1413/0.06, 1414/0.12, 1415/0.08 कुल किता 06 कुल रकवा 0.69 है0 मे सायला बहिस्सा 1/3 की, आराजी ख0न0 1416/1.26 है0 ग्राम अजीजपुर मे 1/2 हिस्से की खातेदार है। जिसमे किसी दीगर व्यक्ति का कोई लेना देना नही है। वर्णित आराजीयात के हाल ख0न0 साबिक ख0न0 709/1 रकवा 1 बीधा 19 बिस्वा एवं अन्य ख0न0 709/1 मिन एवं ख0न0 710 रकवा 16 बिस्वा एवं खसरा न0 710 मिन न0, एवं ख0न0 711 रकवा 4 बीधा 15 बिस्वा एवं ख0न0 712/1 रकवा 5 बिस्वा से कायम किये है। ख0न0 1 रकवा 0.19 है0 गैर मु0 रास्ता जो कि राजस्थान सरकार की आराजी है एवं ख0न0 2 रकवा 0.25 है0 मंदिर श्री कमद खुण्डी जी महाराज की भूमि है जो कि ग्राम तुर्कपुर तहसील टोडाभीम मे है ख0न0 1, 2, 4 ग्राम तुर्कपुर से सायला का काई लेना देना नही है। परन्तु सेटलमेन्ट कार्य के दौरान राजस्व कर्मचारियो ने सायला के खेतो की मेड की लाईन को पतला कर दिया, एवं ग्राम अजीजपुर व मुर्कपुर के बीच मे साबिक ट्रेस मे जो मेड लाईन जो मोटी लाईन है उसको मिटा दिया है। गैरसायलान ग्राम अजीजपुर मे मेरी आराजी ख0न0 1413, 1415, 1416 को गैरसायलान हडपना चाहते है। मेरी आराजी पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है। और उसको जबरदस्ती तुर्कपुर मे मिलाना चाहते है। इसलिये सायला द्वारा प्रस्तुत

( सुनीता मीना )
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर
टोडाभीम, जिला-गंगापुर सिटी

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunita Meena
Date: 2024.09.10 11:10:13 IST
Reason: SelfAttested

फद् अहकाम

उनवानः– राजवती बनाम अमरसिंह

मु0न0:–52/2019

प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा स्वीकार कर वर्णित आराजीयात मे सायला के कब्जे काश्त की आराजीयात मे मजाहमत मदाखलत नही करे।

विद्वान वकील की बहस पर गहनता से मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली मे शामिल ग्राम अजीजपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076–79 के खाता न0 240 मे कुल किता 6 कुल रकबा 0.69 है0 सायला 1/3 हिस्से की तथा खाता संख्या 255 मे कुल किता 1 कुल रकबा 1.26 हे0 मे सायला 1/2 हिस्से की खातेदार काश्तकार दर्ज रिकार्ड है। शेष हिस्से मे अन्य सहखातेदार काश्तकार दर्ज रिकार्ड है। सायला द्वारा प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा के साथ प्रस्तुत वादपत्र बावत स्थायी निषेधाज्ञा खारिज किये जाने से इस प्रार्थना पत्र का कोई औचित्य नही है इसलिये सायला द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा अस्वीकार किया जाता है।

अतः सायला द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा खारिज किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 31.07.2024 को खुले न्यायालय मे लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सुनीता मीना)
उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर
टोडाभीम, जिला गंगापुर सिटी

(सुनीता मीना)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर
टोडाभीम, जिला-गंगापुर सिटी

Signature Not Verified
Digitally signed by Sunita Meena
Date: 2024.09.10 11:10:13 IST
Reason: SelfAttested